**कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड**
**कोच्ची - 682015**
**(कार्मिक एवं प्रशासन विभाग)**

सं. का व प्र /18(219)/2020 — 10 जुलाई 2020

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), भारत सरकार की एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनिरत्न कंपनी, **सीएसएल अंडमान व निकोबार पोत मरम्मत यूनिट (सीएएनएसआरयू), पोर्टब्लेयर, अंडमान व निकोबार आइलैंड** केलिए निम्नलिखित कार्यपालक पदों को भरने हेतु पेशेवरों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करते हैं-

**क. पदों का नाम, रिक्तियां, शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :**

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रबंधक (मेकानिकल),<br>ई-3 ग्रेड,<br>₹ 60000-180000 | 2 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य :-**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण कंपनी या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• अपतटीय संरचना और अन्य समुद्र संबधी इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थानों<br><br>में न्यूनतम 9 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br><br>योजना/ उत्पादन/ प्रापण/ संरचना/ आउटफिट्टिंग/ मरम्मत/ गुणवत्ता आवश्वासन/ संस्थापन/ परियोजना प्रबंधन / वाणिज्य/ विपणन के क्षेत्र में अनुभव।<br><br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय:**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>वाणिज्यिक/प्रापण/ प्रचालन अनुभागों की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, | 40 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । | |
| 2 | प्रबंधक (समुद्री),<br>ई-3 ग्रेड,<br>₹ 60000-180000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**अनिवार्य *:-***<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ समुद्री इंजीनियरिंग में उपाधि।<br>**या**<br>नौवहन महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित एक वर्ष के स्नातक समुद्री इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (पूर्व समुद्री प्रशिक्षण) में उत्तीर्णता होने के साथ, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंक के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br><br>**वांछनीय:**<br>कंप्यूटर ऐप्लिकेशन जैसे कि ऑटोकैड, एसएपी, एम एस प्रोजेक्ट, एम एस ऑफिस आदि में प्रवीणता।<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य*:-***<br>• व्यापारी नौवहन अधिनियम 1958 के अधीन जारी किए एमओटी क्षमता प्रमाणपत्र (मोटोर) में कम से कम द्वितीय श्रेणी<br>• योग्यता प्राप्त करने के बाद ऑन बोर्ड शिप में स्वतंत्र वैच कीपिंग इंजीनियर के रूप में कम से कम 3 वर्षों के अनुभव के साथ ऑन बोर्ड शिप में न्यूनतम 9 वर्षों का अनुभव।<br>• सार्वजनिक उपक्रम /सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडर के कर्मचारियों के मामले में तत्काल कम वेतनमान के बराबर में या कम से कम एक वर्ष अनुभव हो ।<br><br>अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के साथ पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध न होने के मामले में, शिपयार्ड के विवेकाधिकार में 9 वर्षों का अनुभव में अधिकतम दो वर्षों केलिए छूट दी जाएगी । | 40 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **वांछनीय:**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>पोत मरम्मत अनुभागों की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । | |
| 3 | प्रबंधक (मानव संसाधन व औद्योगिक संबंध),<br>ई -3 ग्रेड<br>₹ 60000-180000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>• न्यूनतम 60% अंकों के साथ व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि या<br>• न्यूनतम 60% अंकों के साथ मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ समतुल्य उपाधि/ डिप्लोमा या<br>• न्यूनतम 60% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन या श्रम कल्याण या औद्योगिक संबंध में विशेषज्ञता के साथ सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि या<br>• न्यूनतम 60% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि ।<br><br>वैकल्पिक विषय के रूप में श्रम कानूनी के साथ एलएलबी डिग्री की अतिरिक्त योग्यता वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:-**<br><br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• सार्वजनिक उपक्रम या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• वाणिज्यिक संगठन या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियों/ संस्थानों<br>में मानव संसाधन / औद्योगिक संबंध में न्यूनतम 9 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br><br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए । | 40 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **वांछनीय:**<br>• अंडमान व निकोबार केंद्र शासित प्रदेश केलिए लागू नियमों का ज्ञान ।<br>• एसएपी, टाइमकीपिंग सॉफ्टवेयर, एमएस ऑफिस आदि कंप्यूटर अनुप्रयोगों में प्रवीणता।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>उन्हें प्रशासनिक कार्यों, सांविधिक अनुपालन, नवीन मानव संसाधन अनुप्रयोग और कार्यों जैसे कि पीसीएमएम और औद्योगिक संबंध में अच्छा अनुभव और सुपरिचित होना चाहिए । श्रम कानूनी में कार्य ज्ञान/ अनुभव आवश्यक है । दैनिक औद्योगिक संबंध और मानव संसाधन सेवाओं केलिए तुरंत सहायता प्रदान करना है और यार्ड के सुचारु संचालन एवं यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन एवं एचएसई प्रणालियों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करना है । | |
| 4 | उप प्रबंधक (मेकानिकल)<br>ई-2 ग्रेड<br>₹ 50000-160000 | 6 पद<br>(3 अनारक्षित,<br>1 अ.पि.व,<br>1 अ जा,<br>1 अ ज जा) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**अनिवार्य *:-***<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br>**वांछनीय:**<br>कंप्यूटर ऐप्लिकेशन जैसे कि ऑटोकैड, एसएपी, एम एस प्रोजेक्ट, एम एस ऑफिस आदि में प्रवीणता।<br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य*:-***<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• अपतटीय संरचना या<br>• समुद्री संबंधी इंजीनियरिंग कंपनियों या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थानों<br>में न्यूनतम 7 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br>योजना/ उत्पादन/ प्रापण/ संरचना/ आउटफिट्टिंग/ मरम्मत/ गुणवत्ता आश्वासन/ संस्थापना / परियोजना प्रबंधन / वाणिज्यिक/ विपणन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए। कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए । | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **वांछनीय:**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>वाणिज्यिक/प्रापण/ प्रचालन/क्यूसी की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत से संबंधित सभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । | |
| 5 | उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), ई-2 ग्रेड<br>₹ 50000 – 160000 | 2 पद<br>(1 अनारक्षित, 1 अ जा) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**अनिवार्य *:-***<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br><br>**वांछनीय:**<br><br>कंप्यूटर ऐप्लिकेशन जैसे कि ऑटोकैड, एसएपी, एम एस प्रोजेक्ट, एम एस ऑफिस आदि में प्रवीणता।<br><br>**अनुभव:**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी इंजीनियरिंग कंपनियों या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थानों<br><br>में न्यूनतम 7 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br><br>विद्युत उपकरण का संस्थापन/ आउटफिट्टिंग/मरम्मत/ गुणवत्ता आश्वासन/ विद्युत उत्पादन और वितरण का संस्थापन एवं कमीशनिंग / परियोजना निष्पादन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए। कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | बराबर होना चाहिए ।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है।<br><br>**<u>कार्य अपेक्षाएं :</u>**<br>वाणिज्यिक / प्रापण / प्रचालन / क्यूसी / रखरखाव की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत से संबंधित सभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । | |
| 6 | उप प्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स), ई -2 ग्रेड, ₹ 50000 – 160000 | 1 पद (अनारक्षित) | **<u>शैक्षिक योग्यता:</u>**<br>**<u>अनिवार्य *:-*</u>**<br>एक मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स व इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में उपाधि।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>कंप्यूटर ऐप्लिकेशन जैसे कि ऑटोकैड, एसएपी, एमएस प्रोजेक्ट, एमएस ऑफिस आदि में प्रवीणता।<br><br>**<u>अनुभव:</u>**<br>**<u>अनिवार्य*:-*</u>**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद निम्नलिखित<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या और<br>• सरकारी /अर्ध सरकारी कंपनियां/संस्थानों<br>में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव ।<br><br>इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण / एकीकरण/ उपकरण डिज़ाइन/ प्रापण/ स्थापना/ पोत संबंधी इलेक्ट्रॉनिक्स, नेविगेशन और संचार उपकरणों की मरम्मत, संबंधी क्षेत्र में उपकरण नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन और परियोजना निष्पादन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए, जिनमें से कम से कम एक वर्ष | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | सार्वजनिक उपक्रम के नियमित कैडर में तत्काल कम वेतनमान में या सरकारी/ स्वायत्त निकायों के मामले में तत्काल कम वेतनमान के बराबर में होना चाहिए ।<br><br>**वांछनीय:**<br><br>कंप्यूटरीकृत वातावरण/ ईआरपी/ एसएपी में काम करने का अनुभव।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>वाणिज्यिक / प्रापण / प्रचालन / क्यूसी / रखरखाव की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत से संबंधित सभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । | |
| 7 | उप प्रबंधक (नौवास्तुविद्), ई -2 ग्रेड<br>₹ 50000 – 160000 | 1 (अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ नौवास्तुविद् इंजीनियरिंग में उपाधि।<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:-**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• शिपयार्ड या<br>• अपतटीय संरचना / अन्य समुद्री संस्थापन या<br>• वर्गीकरण सोसाइटी या<br>• समुद्री इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी /अर्ध सरकारी कंपनियों/संस्थानों<br>में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव ।<br><br>डिजाइन/प्रापण/ योजना/ उत्पादन इंजीनियरिंग/ संरचना/ आउटफिटिंग/ मरम्मत/ गुणवत्ता आश्वासन/ संस्थापन/ परियोजना निष्पादन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए। डिजाइन/ उत्पादन/ पोत हल मरम्मत में पर्याप्त ज्ञान और सुपरिचित होना चाहिए।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br><br>**वांछनीय:**<br>ईआरपी/ एसएपी/ एमएस प्रोजेक्ट/ प्रिमावेरा/ ऑटोकैड/ पोत डिजाइन सॉफ्टवेयर आदि में काम करने का अनुभव।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>योजना और प्रचालन अनुभागों केलिए प्रौद्योगिकी-वाणिज्यिक सहायता प्रदान करना, पोत मरम्मत परियोजना अनुसूचितयों की तैयारी, जांच और नियंत्रण, परियोजना निष्पादन के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, क्लास, परामर्शदाताओं एवं ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सुचारु एवं घटना मुक्त डॉकिंग, स्लिप्पिंग प्रचालन की सुनिश्चितता, मरम्मत परियोजनाओं से संबंधित डिजाइन/तकनीकी मामला । | |
| 8 | उप प्रबंधक (सुरक्षा)<br>ई -2 ग्रेड,<br>₹ 50000-160000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **न्यूनतम योग्यता अपेक्षाएं**<br>क. एक कारखाने के उत्पादन या अनुरक्षण या सुरक्षा विभाग में पर्यवेक्षण या प्रबंधन में काम करने में कम से कम दो साल के अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी के किसी भी शाखा में उपाधि या समतुल्य **या**<br>एक कारखाने के उत्पादन या अनुरक्षण या सुरक्षा विभाग में पर्यवेक्षण या प्रबंधन में काम करने में कम से कम 5 वर्षों के अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से भौतिक विज्ञान या रसतंत्र में मान्यता प्राप्त उपाधि **या**<br>एक कारखाने के उत्पादन या अनुरक्षण या सुरक्षा विभाग में पर्यवेक्षण या प्रबंधन में काम करने में कम से कम 5 वर्षों के अनुभव के मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी के किसी भी शाखा में डिप्लोमा ;<br>ख. राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक सुरक्षा में प्रमाणपत्र या डिग्री या डिप्लोमा ।**<br>**जिन व्यक्तियों को केन्द्रीय या एक राज्य सरकार जो फैक्टरी अधिनियम 1948 (1948 का 63), या भारतीय गोदी मज़दूरी अधिनियम, 1934 (1934 का 19) के प्रशासन के साथ कार्य करता है, के विभाग में पांच वर्ष के अनुभव से कम न हो, उन्हें छूट दिया जाता है, **या** किसी उद्योग या किसी संस्थान में दुर्घटना निवारण के क्षेत्र में एक पूर्णकालिक आधार में प्रशिक्षण या शिक्षा या परामर्श या अनुसंधान में पांच | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | वर्षों से कम न हो अनुभववाले को छूट दी जाती है ।<br><br>सुरक्षा शाखा में स्नातक धारकों के मामले में औद्योगिक सुरक्षा की आवश्यकता अनिवार्य नहीं है।<br><br>**वांछनीय:**<br>आईएसओ 45001 और आईएसओ 14001 आंतरिक लेखापरीक्षक या प्रमुख लेखापरीक्षक प्रमाणीकरण *<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:-**<br>उपर्युक्त अपेक्षाओं के अतिरिक्त, उम्मीदवारों को योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• शिपयार्ड या<br>• कारखाने या<br>• सरकारी /अर्ध सरकारी कंपनियों/संस्थानों<br><br>में औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।<br><br>नियमित कैडर में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ सरकारी/ स्वायत्त निकायों में काम करने वाले उम्मीदवारों के मामले में, कम से कम एक वर्ष सार्वजनिक उपक्रम के तत्काल कम वेतनमान में या समतुल्य हो।<br>उम्मीदवार को शिपयार्ड / कारखाने में एचएसई (स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण) से संबंधित कार्यों को संभालने में अनुभव।<br><br>**वांछनीय:**<br>ईआरपी/ एसएपी/ कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है। पोत निर्माण/ मरम्मत गतिविधियों में ज्ञान।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>अल्प सूचना में यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्यों में काम करने का जिम्मेदारी लेने केलिए तैयार होना चाहिए आदि। सीएएनएसआरयू में समग्र सुरक्षा गतिविधियों केलिए उत्तरदायी होगा, जहाज़ों में गहरे टैंक और प्रतिबंधित स्थानों का लगातार निरीक्षण करना है, इसलिए उच्च स्तर की शारीरिक योग्यता होने की आवश्यकता है, विविध सरकारी/सांविधिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य करना। | |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | सीएसएल कर्मचारी, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन और कार्यदल के बीच एचएसई जागरूकता सुनिश्चित करने हेतु अच्छा संचार कौशल, सीमित स्थानों में प्रवेश हेतु एवं ऊँचाई में कार्य करने केलिए शारीरिक क्षमता, सुरक्षित एवं घटना मुक्त कार्य वातावरण का सृजन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों का सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । उपरोक्त तक सीमित नहीं, सीएसएल प्रबंधन द्वारा निदेशितानुसार किसी अन्य कर्तव्यों को करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 9 | उप प्रबंधक (वित्त),<br>ई-2 ग्रेड<br>₹ 50000 – 160000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उपाधि और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान या भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण ।<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:-**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• वाणिज्यिक संगठन या<br>• सरकारी /अर्ध सरकारी कंपनियां/संस्थानों<br>के वित्त विभाग में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव ।<br><br>वित्तीय नीतियों, वित्तीय मूल्यांकन, निधि प्रबंधन, बजट और लेखाकरण, कर निर्धारण, लेखापरीक्षा आदि के क्षेत्रों में अनुभव होना चाहिए ।<br>नियमित कैडर में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ सरकारी/ स्वायत्त निकायों में काम करने वाले उम्मीदवारों के मामले में, कम से कम एक वर्ष सार्वजनिक उपक्रम के तत्काल कम वेतनमान में या समतुल्य हो।<br><br>**वांछनीय:**<br>ईआरपी/ एसएपी/ कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है। .<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>कार्यों के उप-ठेका संबंधी कार्य, सामग्रियों के प्रापण आदि से संबंधित अनुमानों का सत्यापन, निविदाओं से संबंधित विविध मूल्य तुलना बयानों का सत्यापन और ईएमडी के लेखाकरण और उसकी जारी संबंधी कार्य होने । बिलों के पारित होने और उनके संसाधन के संबंध में चालानों का सत्यापन । आईटी विवरण, जीएसटीआर आदि जैसे सांविधिक विवरण की समय पर प्रस्तुति केलिए विविध | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पदों का नाम , ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | रिपोर्टों की तैयारी । लेखापरीक्षा के दौरान विविध लेखापरीक्षक द्वारा उठाए गए प्रश्नों का प्रभावी संचालन । लेखें की तिमाही और वार्षिक समाप्ति के सिलसिले में सुलह बयान की तैयारी । ईआरपी प्रणाली का अद्यतन । रिपोर्ट सृजन और रिकॉर्ड करना । विश्लेषण उद्देश्यों और प्रबंधन को प्रस्तुत करने केलिए विविध एमआईएस की तैयारी । क्यूएमएस प्रणाली का कार्यान्वयन । उपरोक्त तक सीमित नहीं, सीएसएल प्रबंधन द्वारा निदेशितानुसार किसी अन्य कर्तव्यों को करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| **कुल** | | **16 पद** | | |

**ख. वेतनमान, लाभ और तैनाती :**

(i) कार्यपालक मूल वेतन के अलावा जैसा लागू औद्योगिक महंगाई भत्ता, मूल वेतन के 8% की दर पर मकान किराया भत्ता, मूल वेतन के 10 % की दर पर स्थान भत्ता, मूल वेतन के 35% तक परिलब्धियां, अंशदायी भविष्य निधि, दुर्घटना बीमा संरक्षण, अंशदायी चिकित्सा बीमा नीति के अंतर्गत चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति, छुट्टी नकदीकरण, कार्य- निष्पादन भुगतान, अन्य भत्ते आदि केलिए पात्र हैं ।

(ii) निम्नलिखित सारणी में न्यूनतम मापनी पर सीटीसी सूचित करता है:

| ग्रेड | वेतनमान | सीटीसी (लगभग) |
|---|---|---|
| ई 3 | ₹ 60000-3%-180000 | ₹ 18.65 लाख |
| ई 2 | ₹ 50000-3%-160000 | ₹ 15.67 लाख |

(iii) सभी पदों केलिए, तैनाती, सीएसएल द्वारा वांछितानुसार, सीएसएल अंडमान व निकोबार पोत मरम्मत यूनिट (सीएएनएसआरयू), पोर्टब्लेयर/ सीएसएल के अन्य कोई यूनिट/ परियोजना साइटों में होगी। सभी उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल होना चाहिए और हिंदी में संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।

**ग. आयु :**

(i) **पदों केलिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा दिनांक 18 अगस्त 2020 के अनुसार किया जाएगा।** आरक्षित पदों केलिए अपिव (गैर क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की और अजा/ अजजा उम्मीदवारों केलिए 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(ii) भूतपूर्व सैनिकों और बैंचमार्क दिव्यागंजन व्यक्तियों केलिए आयु में छूट भारत सरकार के मार्ग निर्देशों के अनुसार दी जाएगी। फिर भी, किसी भी मामले में, आयु में सभी छूट लगाने के बाद प्रबंधक केलिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष और उप प्रबंधक केलिए आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक न हो।

**घ. चयन की रीति:**

(i) चयन की प्रक्रिया कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्ची में आयोजित होगी ।

(ii) चयन की रीति में उम्मीदवारों द्वारा कार्य अनुभव, संभाली गई परियोजनाओं से संबंधित अनुभव को दर्शाते तैयार किए एक पवर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण (दस मिनिट से अधिक नहीं) शामिल होंगे। इसके बाद एक ग्रूप चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार होगा। तदनुसार, अंतिम चयन केलिए भारिता निम्नलिखित पैरामीटरों की ओर नियत किया है:

| पदों का क्र.सं. | **कुल 100 अंक** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 20% अंक | 40% अंक | 10% अंक | 10% अंक | 20% अंक |
| क्र.सं. 1,2,4 से 7 के पद | योग्य उपाधि अंक | संगत कार्य / क्षेत्र में कार्य अनुभव | पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण | ग्रूप चर्चा | वैयक्तिक साक्षात्कार |
| क्र.सं. 8 के पद | योग्य उपाधि / डिप्लोमा अंक | | | | |
| क्र.सं. 3 के पद | एमबीए (मा.सं.)/ समतुल्य डिग्री या डिप्लोमा (मा.सं.)/ एमएसडब्ल्यू/ एमए (पीएम व आईआर) अंक | | | | |
| क्र.सं. 9 के पद | सीए (अंतिम वर्ष)/ सीएमए (अंतिम वर्ष) अंक | | | | |

**ङ. शर्तें**

**क) आरक्षण:**

(i) अ.जा./ अ.ज.जा/अ.पि.व/अ.पि.व(अल्पसंख्यक) /ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी /भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) उम्मीदवारों केलिए लागू आरक्षण पर भारत सरकार के निदेशों को योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन लागू करेंगे ।

(ii) पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों के मामले में दिव्यांगजता की मात्रा न्यूनतम 40% होना चाहिए। दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2017 के अनुसार, उम्मीदवारों के पास दिव्यांगजता के प्रमाण में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकरण से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त *वैध अशक्तता प्रमाणपत्र* होना चाहिए।

(iii) यदि आवेदक अ.जा/ अ.ज.जा/ अ. पि. व (गैर क्रीमी लेयर) का है तो तहसीलदार की पदवी से कम न हो, राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध अद्यतन समुदाय प्रमाणपत्र* प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसे प्रमाणपत्र के बिना उनकी उम्मीदवारी संबंधित श्रेणियों में विचार नहीं किया जाएगा।

**ख. पदों केलिए बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए शारीरिक योग्यता :**

| क्र.सं | पद का नाम | **दिनांक 15.01.2018 के डीओपीटी का.ज्ञा. सं. 36035/02/2017 के खंड 2.2 के अनुसार बैचमार्क दिव्यांगजन की श्रेणियां (पीडब्ल्यूबीडी)** | शारीरिक आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रबंधक (मेकानिकल) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, पीपी, एल, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी |

| क्र.सं | पद का नाम | **दिनांक 15.01.2018 के डीओपीटी का.ज्ञा. सं. 36035/02/2017 के खंड 2.2 के अनुसार बैचमार्क दिव्यांगजन की श्रेणियां (पीडब्ल्यूबीडी)** | शारीरिक आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|
| (ii) | प्रबंधक (समुद्री) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, पीपी, एल, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी |
| (iii) | प्रबंधक (मानव संसाधन व औद्योगिक संबंध) | खण्ड 2.2 (क,ख, ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, एच, आरडब्ल्यू |
| (iv) | उप प्रबंधक (मेकानिकल) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, पीपी, एल, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी |
| (v) | उप प्रबंधक (सुरक्षा) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, जेयू, पीपी, आरडब्ल्यू, एसई, एच |
| (vi) | उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, बीएन, केसी, डब्ल्यू, एमएफ, एसई, पीपी, एल, सी, आरडब्ल्यू |
| (vii) | उप प्रबंधक (इलक्ट्रॉनिक्स) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एमएफ, एसई, पीपी, एल, केसी, सी, आरडब्ल्यू |
| (viii) | उप प्रबंधक (नौवास्तुविद्) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एमएफ, सीएल, एसई, सी |
| (ix) | उप प्रबंधक ( वित्त) | खण्ड 2.2 (ख, ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, बीएन, आरडब्ल्यू, एमएफ, एसई, सी |

**संक्षेप में उपयुक्त**: एस- बैठना, एसटी- खड़ा होना, डब्ल्यू- चलना, बीएन- झुकना, एल- उठाना, केसी- नीलिंग और झुकाव, जेयू- कूदना, पीपी- खींचना और दबाना, एमएफ- उंगली चलाना, आरडब्ल्यू- पढ़ना और लिखना, एसई- देखना, एच -सुनना, सी- कम्यूनिकेशन, सीएल-चढ़ना,

**ग) <u>योग्यता:</u>**

(i) पद केलिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता ए आई सी टी ई / भारत / राज्य/केंद्र सरकार में उचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान/ परीक्षा बोर्ड से होना चाहिए ।

(ii) जिन आवेदक के पास निर्धारित योग्यताओं में से किसी के समतुल्य योग्यता है वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी तुल्यता प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं की जाएगी।

(iii) कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान श्रेणी या अंक की प्रतिशतता न देकर कुल ग्रेड पोइन्ट (उदा : सीजीपीए / ओजीपीए/ सीपीआई आदि) देते हैं। विश्वविद्यालय /संस्थान उम्मीदवारों की अंक सूची में कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक निर्धारित करने के मामले में वही स्वीकार किया जाएगा। फिर भी जहाँ

विश्वविद्यालय /संस्थान कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक नहीं प्रदान की गई है, अपेक्षित अंक की प्रतिशतता प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड पोइन्ट को 10 से गुणा किया जाएगा।

घ) **अनुभव:**

(i) **केवल उपर्युक्त मद 'क ' में निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण होने के बाद प्राप्त किए अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। योग्यता प्राप्त करने के बाद के अनुभव की अवधि दि. 18 अगस्त 2020 से गिना जाएगा।**

(ii) **कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनी या समतुल्य स्थिति की विदेशी कंपनी से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र मिलने पर ही चयन प्रक्रिया केलिए सूचीबद्ध करने हेतु विचार किया जाएगा।**

(iii) आवेदक जो वर्तमान रूप में किसी कंपनी (निजी/ सार्वजनिक/ सरकारी) में काम कर रहे हैं, अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कार्य अनुभव के सबूत के रूप में, कंपनी द्वारा जारी **नियुक्ति/ नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्रति, हाल के वेतन पर्ची/ चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम आहरित वेतन की प्रति और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान सीटीसी प्रमाणपत्र/पूर्व वित्तीय वर्ष के आईटी फॉर्म**-16 प्रस्तुत करना चाहिए। **पिछले रोज़गार केलिए, कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्ति की तिथि को सूचित करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र** प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रमाणपत्र सत्यापन के दौरान, उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में बताए अनुभव को स्थापित करने केलिए सभी मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किया जाना है, असफल होने पर **वैयक्तिक साक्षात्कार** में भाग लेने केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iv) सरकारी विभागों या अर्ध सरकारी या सार्वजनिक संगठनों में काम करनेवाले उम्मीदवारों के मामले में, वे ऑनलाइन आवेदन के साथ नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करें या वैयक्तिक साक्षात्कार के समय नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करें, असफल हो जाए तो उनकी उम्मीदवारी रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी। **यदि "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत नहीं किया गया तो, उन उम्मीदवारों को साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(v) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से जुडे उम्मीदवार के मामले में, उन्हें **सशस्त्र बल से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/ बुक/ पेशन भुगतान आदेश की प्रतिलिपि** प्रस्तुत करना है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में योग्यता अनुलेखित किया है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित शाखा में काम करने का अनुभव होना चाहिए। योग्यता की समतुल्यता दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्रमाण के साथ उसी के कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र में समतुल्यता या समर्थन के प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश का संदर्भ लें), अनुभव प्रमाण के रूप में सशस्त्र बलों में संगत शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव को दर्शाने वाले प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए और प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया के दौरान भी उसे प्रस्तुत करना है। उन्हें संबंधित अधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है, जिसके प्रस्तुत करने में चूक होने पर उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) उन भूतपूर्व सैनिकों को, भूतपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें दिए गए लाभों का लाभ उठाने के बाद गैर सैनिक पक्ष पर किसी भी सरकारी नौकरी में पुन: रोजगार पर, सरकार में पुन: रोजगार के उद्देश्य केलिए उनकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को डीओपीटी का. ज्ञा.सं.- 36034/27/84- स्था (एससीटी) दिनांक 02.05.1985, 36034/6/90- स्था.(एससीटी) दिनांक 10.10.1994 और 36034/1/2014-स्था (एससीटी) दिनांक 14.08.2014 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। **सभी भूतपूर्व सैनिक इस बात के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ एक वचन पत्र प्रस्तुत करेंगे, कि वे पूर्व सैनिकों केलिए लाभ उठाने के बाद सरकार में फिर से नियोजित नहीं किए गए हैं।**

ङ) **आवेदन शुल्क:**

(i) पद केलिए **ऑनलाइन भुगतान विकल्प (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग) का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से** 1000/- **रुपए (नावापसी, बैंक चार्ज सहित)** का आवेदन शुल्क प्रेषित किया जाना चाहिए, जो **दिनांक 18 जुलाई 2020 से 18 अगस्त 2020 तक** प्रयोग किया जा सकता है ।

(ii) **अ.जा/ अ.ज.जा/ बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं।** उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई हैं।

(iii) सभी आवेदक जिन्हें आवेदन शुल्क लागू है, अर्थात् अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी व्यक्ति को छोडकर, उपर्युक्त खंड ङ (i) में निर्धारितानुसार भुगतान करना चाहिए। **यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि केवल आवेदन शुल्क की रसीद पर ही उम्मीदवारी पर विचार की जाएगी।**

**च) आवेदन कैसे करें:**

(i) ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व **आवेदक हमारे वेबसाइट** www.cochinshipyard.com **(कैरियर पृष्ठ) में दिए यूज़र मैनुवल पढना चाहिए।** आवेदन में दो चरण है- **एक बार पंजीकरण और लागू पद केलिए आवेदन प्रस्तुत करना।** उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन न प्रस्तुत करें। एक बार प्रस्तुत किया आवेदन अंतिम होगा।

(ii) आवेदक, जो अधिसूचित अपेक्षाएं पूरा करते हैं, वे **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण और आवेदन प्रस्तुत करना है**। हमारे वेबसाइट www.cochinshipyard.com (कैरियर पृष्ठ) में ऑनलाइन के ज़रिए **दिनांक** 18 **जुलाई** 2020 **से** 18 **अगस्त** 2020 **तक** आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध होगी। **सीधे या अन्य किसी प्रकार में प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।**

(iii) **ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के सबूत में सभी प्रमाणपत्र और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड करने केलिए सिस्टम में तैयार रखना चाहिए ।**

(iv) **आवेदक यह सुनिश्चित करें कि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन के अंतिम प्रस्तुति के पहले अपलॉड किया है, यदि असफल हो जाए तो, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।**

(v) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है।

(vi) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। **कृपया नोट करें कि अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।**

(vii) **ऑनलाइन के जरिए आवेदन करने के बाद, आवेदक अपने संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा प्रजनित एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक सॉफ्ट कॉपी/ प्रिंटआउट लें। इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन आवेदन सफल रूप में प्रस्तुत करने पर ही एकमात्र पंजीकरण संख्या प्राप्त किया जाएगा ।** ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत संख्या को सीएसएल के साथ पत्राचार के समय दिखाना चाहिए।

(viii) **आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क आदि डाक द्वारा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अग्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।**

(ix) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के ज़रिए आवेदन देने केलिए, वेबसाइट **दिनांक** 18 **जुलाई** 2020 **से** 18 **अगस्त** 2020 **तक** प्रकार्यात्मक रहेगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 **अगस्त** 2020 है। अंतिम तिथि पर वेबसाइट में भारी भीड़ दूर करने केलिए, जो आवेदन की गैर - प्रस्तुति केलिए कारण हो सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सीएसएल वेबसाइट में लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले ही आवेदनों को प्रस्तुत करें। ***आवेदन की अंतिम तिथि पर आवेदन करने वालों को 1700 बजे के बाद एसएपी आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता / तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है।***

## छ) सामान्यः

(i) पदों केलिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर, शिपयार्ड को केलिए योग्यता परीक्षाओं में नियत न्यूनतम पात्रता अंक से उच्चतम कट ऑफ अंक नियत करने और तदनुसार चयन केलिए विचार करने हेतु उम्मीदवारों को लघुसूचीगत करने का अधिकार होगा।

(ii) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी पदों केलिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार योग्यता अपेक्षाएँ रखते हैं।**

(iii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा :- भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है :-

(क) जिसने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में नियमित या गैर योद्धा के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की है, और
- (i) जो या तो सेवानिवृत्त हो गया है या इस तरह की सेवा से अपने स्वयं के अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद कार्य मुक्त या सेवा मुक्त राहत हो गया हो; या
- (ii) जो अपने नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थिति के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त हो गया है और उसे चिकित्सा या अन्य विकलांगता पैंशन से सम्मानित किया गया है; या
- (iii) जो स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है;

(ख) जो कार्य की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है, अन्यथा उसके अनुरोध पर, या बर्खास्तगी के माध्यम से, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन किया गया है और उसे उपदान दी गई है; और प्रादेशिक सेना के कर्मियों, अर्थात् निरंतर सन्निहित सेवा केलिए पेंशन धारक या अर्हकारी सेवा की खंडित अवधि शामिल है; या

(ग) डाक सेवा सेना के कर्मी जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और डाक सेवा सेना से सेवानिवृत्त हैं, पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा से परावर्तन के बिना डाक सेवा सेना से मुक्त कर दिए गए है या उनके नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थितियों के कारण या बढे हुए चिकित्सा आधार पर सेना के डाक सेवा सेना से मुक्त किए जाते हैं या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; /या

(घ) कार्मिकों, जो दिनांक 14 अप्रैल, 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक डाक सेवा सेना में प्रतिनियुक्ति पर थे; या

(ङ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेताओं; या

(च) पूर्व सैनिक जो चिकित्सा के आधार पर भर्ती या मुक्त किए गए हो और चिकित्सा विकलांगता पेंशन प्राप्त हो।

(iv) शिपयार्ड को उनके आवेदन प्रपत्र में सूचितानुसार शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के सबूत में उम्मीदवारों से अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ी सबूत मांगने का अधिकार है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना एवं उत्तर ई-मेल **career@cochinshipyard.com** द्वारा होना चाहिए । फिर भी, कोचीन शिपयार्ड निर्धारित तिथि एवं समय पर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । ऐसे प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने पर, उस पर विचार नहीं किया जाएगा, और आगे कोई पत्राचार इस संबंध में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

(v) **वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए सूचीबद्ध उम्मीदवार आधार, ड्राइविंग लाइसेंस आदि (मूल प्रति) जैसे फोटो पहचान पत्र, विधिवत् हस्ताक्षरित ऑनलाइन जॉब आवेदन फॉर्म (एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ) के प्रिंटआउट, आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में मूल प्रतियाँ और सत्यापन केलिए स्वयं साक्ष्यांकित प्रतियाँ लाना चाहिए और उनकी उम्मीदवारी को इन मूल प्रमाणपत्रों के बल पर विचार किया जाएगा। मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल हो जाने के मामले में, उम्मीदवारी रद्द की जाएगी।**

(vi) **उम्मीदवार सत्यापन के दौरान मूल प्रमाणपत्र और अंक सूची प्रस्तुत करने में असफल हो जाए तो वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए भाग लेने हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(vii) वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए भाग लेने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण की प्रस्तुति पर अपने ऑनलाइन प्रपत्र में सूचित पते से कोचीन शिपयार्ड की ओर से सबसे छोटे मार्ग केलिए सीएसएल के नियमानुसार पद केलिए ग्राह्य आगे- पीछे के 3rd वातानुकूलित रेल की पूतिपूर्ति की जाएगी। अनारक्षित/ अपिव के मामले में, प्रतिपूर्ति वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए उपस्थित उम्मीदवारों को ही दी जाएगी। फिर भी, सत्यापन के समय, यह पाया जाता है कि उम्मीदवार किसी भी अधिसूचित योग्यता शर्ते पूरी न करते हैं तो, उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी न ही किसी भी यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा। उम्मीदवारों को यात्रा प्रतिपूर्ति दावा करने केलिए **खाता संख्या और आईएफएससी कोड के साथ बैंक पासबुक** के पहले पृष्ठ की प्रति प्रस्तुत करना है और साक्षात्कार के समय योग्य प्रतिपूर्ति एनईएफटी द्वारा खाते में क्रेडिट की जाएगी। केवल उपर्युक्त विवरण प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

(viii) अपात्रता के मामले में उम्मीदवारी के निरसन के संबन्ध में पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ix) **बुलावा पत्रों को डाक द्वारा योग्य उम्मीदवारों को नहीं भेज दिया जाएगा।** उन्हें ईमेल/ एसएमएस/सीएसएल वेबसाइट **www.cochinshipyard.com** द्वारा बुलावा पत्र डाउनलॉड करने केलिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची एसएमएस/ ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत आवेदकों को सूचित की जाएगी।

(x) केवल ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति और वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए प्रवेश पत्र जारी करना उम्मीदवार को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं देगा या पात्रता मानदंड पूरा करने की अभिस्वीकृति के रूप में अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

(xi) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति चरित्र व पूर्ववृत्त के सत्यापन और यदि लागू हो, तो जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होगी।

(xii) उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्धारितानुसार चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा करना है और अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। साक्षात्कार के बाद नियुक्ति केलिए लघुसूचीगत उम्मीदवारों को अपने खर्च में कंपनी द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा परीक्षा में जाना होगा और चिकित्सा योग्यता आगे सीएसएल के कंपनी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के अधीन है।

(xiii) चयनित उम्मीदवारों को अधिसूचित पदों के न्यूनतम वेतनमान पर रखा जाएगा।

(xiv) सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक उद्यमों में पहले ही कार्यरत किसी उम्मीदवार के पिछले रोज़गार के वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन अंशदान आदि के कारण किसी देयता को नहीं संभालेगा।

(xv) प्रतीक्षा सूची सभी विषयों हेतु बनाए रखा जाएगा और इसमें शामिल होने की तिथि के भीतर रैंक सूची से कोई उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण होनेवाली रिक्तता की स्थिति में संचालित की जाएगी जैसा कि उम्मीदवार को जारी किए गए नियुक्ति के प्रस्ताव में निर्धारित किया गया है या जहाँ एक उम्मीदवार पद से जुड जाता है और सीएसएल में शामिल होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने या पद से इस्तीफा दे देता है। प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष तक या नियुक्ति की तिथि से उम्मीदवारों को जारी किए गए नियुक्ति प्रस्ताव में निर्धारित, जो भी पहले हो, जब तक कि उस पद के लिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती है। ऊपर बताई गई रिक्ति को एक ताजा रिक्ति के रूप में नहीं माना जाएगा और इस अधिसूचना के सामने भरे गए पदों की वास्तविक संख्या किसी भी परिस्थिति में इस अधिसूचना में इंगित रिक्तियों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

(xvi) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद कोचीन शिपयार्ड को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। कोचीन शिपयार्ड को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

(xvii) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

(xviii) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

(xix) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

(xx) कोई भी स्पष्टीकरण केलिए, कृपया ई-मेल career@cochinshipyard.com के ज़रिए संपर्क करें।

**च. महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन का प्रारंभ** | : | **18 जुलाई 2020** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | : | **18 अगस्त 2020** |

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी। "**

**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें ।"**

**ह/-**

**मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशिक्षण)**